Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 02 जनवरी, 2024

भारत सुनामी के खतरे से बाहर

जापान के होंशू के पास 7.5 तीव्रता के आए भूकंप के बावजूद, हैदराबाद में भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (Indian National Centre for Ocean Information Services-INCOIS) के एक विभाग, भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र (Indian Tsunami Early Warning Centre-ITEWC) ने यह स्पष्ट किया है कि भारत के लिये सुनामी का **कोई खतरा नहीं** है।

- **प्रशांत महासागर सुनामी चेतावनी केंद्र (Pacific Ocean Tsunami Warning Centre- PTWC)** और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (Japan Meteorological Agency-JMA) ने जापान के लिये सुनामी बुलेटिन जारी किया।
- ITEWC भूकंप के केंद्र के पास समुद्र के स्तर में परिवर्तन (sea level changes) की निगरानी करता है और सुनामी के खतरे की स्थिति में ?????????? *(report)* जारी करता है।
    - भूकंप का केंद्र (Epicentre) पृथ्वी की सतह पर भूकंप के **हाइपोसेंटर (या फोकस)** के ठीक ऊपर एक बिंदु होता है। यह पृथ्वी की सतह पर वह स्थान है जो पृथ्वी की भू-पर्पटी के भीतर भूकंप की उत्पत्ति के बिंदु से सीधे ऊपर स्थित होता है।
- INCOIS **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** के तहत एक **स्वायत्त निकाय** है, जिसका मिशन उद्योग, सरकार, शिक्षा और समाज को सर्वोत्तम समुद्री जानकारी तथा सलाहकार सेवाएँ प्रदान करना है।

और पढ़ें: भारत में सुनामी पूर्व चेतावनी प्रणाली

संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल

हाल ही में भारत के रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में **संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल** का उद्घाटन किया। यह महत्त्वपूर्ण कदम रक्षा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- यह स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित उद्देश्यों के अनुरूप है जो सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में **100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की सरकार की पहल** को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिये रणनीतिक रूप से तैयार है।
- इस पहल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर कॅरियर अवसर प्रदान करना तथा **लड़कियों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिये** प्रोत्साहित करना है।

और पढ़ें...सशस्त्र बलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

K-स्मार्ट ऐप

हाल ही में केरल सरकार ने **केरल प्रशासनिक सुधार तथा परिवर्तन के प्रबंधन हेतु समाधान (Kerala Solutions for Managing Administrative Reformation and Transformation, K-SMART) एप्लिकेशन** लॉन्च किया है, जो त्रि-स्तरीय स्थानीय स्व-सरकारी संस्थानों की सभी सेवाओं को एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

- इसका उद्देश्य मौजूदा डिजिटल अंतराल को पाटना तथा विशेष रूप से सरकारी कार्यालयों में वास्तविक दौरे की आवश्यकता को समाप्त करके प्रवासियों को लाभ पहुँचाना है।
- विशेष रूप से K-SMART के तकनीकी ढाँचे में **ब्लॉकचेन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, GIS, चैटबॉट्स, मशीन लर्निंग एवं IoT** जैसे अत्याधुनिक विषयों की एक शृंखला शामिल है।

और पढ़ें...ई गवर्नेंस

भारत-UAE संयुक्त अभ्यास 'डेज़र्ट साइक्लोन 2024'

भारत और संयुक्त अरब अमीरात 2 जनवरी से 15 जनवरी, 2024 तक **राजस्थान में 'डेज़र्ट साइक्लोन 2024'** संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजित करेंगे।

- इस अभ्यास का उद्देश्य **शहरी परिचालन** में सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और साझा करके अंतरसंचालनीयता को बढ़ाना है।
- इससे न केवल भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रक्षा संबंधों को मज़बूत करने की उम्मीद है बल्कि **क्षेत्रीय शांति तथा सुरक्षा को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्य** में भी योगदान मिलेगा।
- भारत अबू धाबी में **द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी (IDEX)** में भी नियमित भागीदार रहा है।

//

और पढ़ें: भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-02-january,-2024